# राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

**गोदी देवी बनाम सरकार**

| तारीख हुक्म 395/2024 | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 06/02/2026 | पत्रावली प्रस्तुत हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। अधिवक्ता उभयपक्ष की मौखिक बहस पत्रावली पर सुनी गयी। पत्रावली वास्ते निर्णय हेतु दिनांक 13/02/2026 को पेश हो।<br>राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर | |
| 13/02/2026 | आज यह पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। संक्षेप में तथ्य प्रकरण इस प्रकार है कि अपीलार्थीयां ने अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष वाके एक वाद मय प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा का पेश किया, जिस पर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलार्थीयां की एकपक्षीय बहस समायत कर आदेश दिनांक 13/05/2024 पारित करते हुये अपीलार्थीयां का प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा अस्वीकार कर ख़ारिज फरमा दिया गया। जिससे व्यथित होकर अपीलार्थीयां द्वारा इस न्यायालय के समक्ष यह अपील प्रस्तुत की गयी। जिस पर अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस सुनी गयी।<br>अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस पर गौर किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। उद्धरित तथ्यों के परिपेक्ष्य में पत्रावली का अवलोकन किये जाने से अपीलार्थी के कथन प्रथमदृष्टया पुष्ट नही होते है, ऐसी स्थिति में अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित किया गया अपीलाधीन आदेश उचित प्रतीत होता है। इसके अतिरिक्त अपीलार्थी प्रथमदृष्टया प्रकरण, सुविधा का सन्तुलन व अपूर्तनीय क्षति के बिन्दुओ को अपने पक्ष में साबित करने में असफल रहे है। ऐसेमें अपीलार्थी की अपील को स्वीकार किया जाना न्यायोचित्त प्रतीत नही होता है।<br>अत: अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 13/05/2024 यथावत रखा जाकर अपील अपीलार्थी ख़ारिज की जाती है।<br>पत्रावल फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br>निर्णय आज दिनांक 13/02/2026 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।<br>राजस्व अपील प्राधिकारी<br>जयपुर | |

राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर